**अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री के 15 सूत्रीय कार्यक्रम और 'सच्चर समिति की सिफारिशों के कार्यान्वयन' के विभिन्न मुद्दों का प्रचार-प्रसार करने वाले सूचना और प्रसारण मंत्रालय के माध्यम एककों द्वारा किए गए प्रचार पर की गई कार्रवाई नोट**

**जुलाई 2019 - सितंबर 2019**

**पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी)**

- पीआईबी प्रधानमंत्री के 15 सूत्रीय कार्यक्रम तथा सच्चर समिति की सिफारिशों के अंतर्गत अल्पसंख्यकों के कल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर नियमित रूप से विज्ञप्तियाँ/ फीचर्स जारी कर रहा है।
- इस विषय पर 23 वार्तालाप का आयोजन किया गया और इसके विभिन्न क्षेत्रों से 43 प्रेस विज्ञप्तियाँ जारी की गईं।

**<u>लोक संपर्क और संचार ब्यूरो (बीओसी)</u>**

➢ **प्रिंट विज्ञापन**

- ब्यूरो अल्पसंख्यकों के कल्याण के विषय में उनके लिए उपलब्ध विभिन्न भारत सरकार की योजनाओं, निधियों, छात्रवृत्तियों आदि पर प्रकाश डालते हुए अखिल भारतीय आधार पर समय-समय पर विज्ञापन जारी करता रहा है।
- बीओसी ने तिमाही के दौरान कई समाचार पत्रों में **7** विज्ञापन जारी किए।
- अखबारों में "छात्रवृत्ति 2019-20", "हुनर हाट", "शिल्प और व्यजंन का संगम- हुनर हाट" और "हुनर हाट- प्रयागराज में कार्यक्रम" विषयों पर विज्ञापन जारी किए गए थे।

➢ **आउटडोर प्रचार अभियान**

- 11,99,989/- रु. के व्यय के साथ दिनांक 21-08-2019 को जयपुर में "हुनर हाट" के माध्यम से आउटडोर प्रचार अभियान चलाया गया।
- बीओसी ने तिमाही के लिए डिजिटल सिनेमा, निजी एफएम और टीवी में इस विषय पर कोई अभियान/प्रचार नहीं किया।

➢ **फील्ड प्रचार**

- बीओसी के अनेक फील्ड आउटरीच ब्यूरो (एफओबी) ने अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री के नये 15 सूत्रीय कार्यक्रम के विषय पर तथा देश के विभिन्न भागों में सच्चर समिति की सिफारिशों के कार्यान्वयन पर विभिन्न प्रचार कार्यक्रमों का आयोजन किया है।
- अभियानों का जोर स्वच्छ भारत मिशन, बेटी बचाओ बेटी पढाओ, जल संरक्षण/जल शक्ति अभियान, विश्व जनसंख्या दिवस, कारगिल विजय दिवस, प्रधानमंत्री जन औषधि योजना, भारत छोड़ो आंदोलन, स्वतंत्रता दिवस समारोह, महात्मा गांधी की 150वीं

जंयती, गुरू नानक देव जी की 550 वीं जंयती, केंद्र सरकार के दूसरे कार्यकाल के 100 दिन और स्वच्छता ही सेवा- सरकार की अन्य प्रमुख योजनाओं के बीच में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन अभियान पर था।

- इन ब्यूरो ने लक्षित दर्शकों के साथ नियोजित गतिविधियों में विभिन्न स्वरूपों जैसे विशेष आउटरीच कार्यक्रम (एसओपी), समूह चर्चा, स्थानीय भाषाओं में आयोजित फिल्म शो, फोटो प्रदर्शनियों का उपयोग किया।
- इन ब्यूरो ने लगभग **664** गतिविधियों का आयोजन किया जिसमें सरकार की स्कीमों पर फिल्म शो, समूह चर्चा, फोटो प्रदर्शनी, आदि शामिल हैं।
- इन ब्यूरो ने **155** गांवो को कवर किया और इस तिमाही के दौरान देश के कई अल्पसंख्यक केंद्रित गांवों में अपने प्रचार कार्यक्रमों के माध्यम से लगभग **66** हजार से अधिक लोगों को जागरूक किया।

## <u>आकाशवाणी</u>

- सभी आकाशवाणी केंद्रों ने 'अल्पसंख्यक कल्याण' पर उपयुक्त कार्यक्रम को चलाकर इस विषय का व्यापक प्रचार-प्रसार किया है।
- विभिन्न स्वरूपों का उपयोग किया गया जिसमें वार्ता, विचार-विमर्श, साक्षात्कार आदि शामिल हैं।
- कार्यक्रमों में 15 सूत्रीय कार्यक्रमों और सच्चर समिति की रिपोर्ट के विभिन्न घटकों के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया गया।
- तिमाही के दौरान आकाशवाणी स्टेशनों द्वारा कुल 104 कार्यक्रम प्रसारित किए।

## <u>दूरदर्शन</u>

- देश भर में विभिन्न दूरदर्शन केंद्रों ने विभिन्न स्वरूपों के माध्यम से अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री के नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम और सच्चर समिति की सिफारिशों के कार्यान्वयन पर कार्यक्रम प्रसारित किए।
- कार्यक्रमों के प्रारूप में चर्चा, लाइव फोन-इन, साक्षात्कार, लाइव पैनल चर्चा आदि शामिल हैं।

******

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय**

**जुलाई से सितंबर 2019 तक राज्यवार त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट (क्यूपीआर)**

| क्र. सं. | राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों का नाम | बीओसी द्वारा क्षेत्र की गतिविधियों की संख्या (एफओबी) | पीआईबी द्वारा वार्तालाप | आकाशवाणी द्वारा प्रसारित कार्यक्रमों की संख्या | बीओसी द्वारा प्रिंट मीडिया संबंधी पर प्रतिबद्धता ( रु . में) | डीडी द्वारा प्रसारित कार्यक्रमों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अण्डमान और निकोबार | - | - | - | 23,265 | - |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 8 | 1 | 6 | 1,96,851 | - |
| 3 | तेलंगाना | | 1 | - | 3,47,689 | - |
| 4 | अरुणाचल प्रदेश | 28 | - | - | 25,896 | - |
| 5 | असम | 12 | - | - | 1,54,377 | - |
| 6 | बिहार | - | - | 10 | 6,42,988 | 13 |
| 7 | चंडीगढ़ | - | 2 | - | 36,688 | - |
| 8 | छत्तीसगढ़ | 66 | 2 | 12 | 1,31,174 | - |
| 9 | मध्य प्रदेश | 40 | 2 | - | 4,23,752 | - |
| 10 | दादरा और नागर हवेली | - | - | - | 50,469 | - |
| 11 | दमन और दीव | - | - | - | 18,346 | - |
| 12 | गुजरात | - | - | - | 4,31,759 | 28 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | - | - | 8 | 1,28,961 | - |
| 14 | झारखंड | 14 | 1 | - | 2,88,447 | - |
| 15 | कर्नाटक | 215 | - | - | 2,78,864 | - |
| 16 | केरल | 144 | - | 4 | 6,31,615 | 1 1 |
| 17 | लक्षद्वीप | | - | - | 0 | - |
| 18 | महाराष्ट्र | - | 1 | 14 | 7,21,219 | 4 |
| 19 | गोवा | | - | - | 17,768 | - |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | मिजोरम | 94 | 1 | - | 68,989 | - |
| 21 | मेघालय | | - | - | 25,896 | - |
| 22 | त्रिपुरा | | 1 | - | 51,403 | - |
| 23 | नगालैंड | - | 1 | - | 15,394 | - |
| 24 | मणिपुर | | 1 | - | 15,394 | - |
| 25 | पंजाब | - | 2 | 5 | 1,27,482 | 17 |
| 26 | हिमांचल प्रदेश | | 2 | - | 32,129 | 4 |
| 27 | हरियाणा | | - | - | 31,394 | 6 |
| 28 | दिल्ली | | - | - | 8,86,445 | 3 |
| 29 | ओडिशा | - | - | 5 | 1,88,705 | 3 |
| 30 | पुडुचेरी | - | - | - | 25,896 | - |
| 31 | राजस्थान | - | 1 | - | 9,55,775 | 9 |
| 32 | तमिलनाडु | 14 | 2 | 25 | 2,13,308 | - |
| 33 | उत्तराखंड | 9 | 1 | - | 1,98,803 | - |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 3 | 1 | 12 | 19,17,891 | 2 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | 17 | - | 3 | 1,82,620 | 4 |
| 36 | सिक्किम | | - | - | 21,014 | - |